भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1324
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अंग प्राप्तकर्ता

1324. श्री कुरुवा गोरांतला माधव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य पर संज्ञान लिया है कि 1995 और 2021 के बीच, देश में अंग प्राप्तकर्ताओं में से पांच में से चार पुरुष रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार ने उक्त मुद्दे के समाधान के लिए कदम उठाए हैं। उठाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी. सिंह बघेल)

(क) और (ख): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पास उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार, 1995 से 2021 की अवधि के दौरान मृत और जीवित अंगदाताओं से किए गए कुल 36640 प्रत्यारोपण में से 29695 पुरुष और 6945 महिला में किए गए थे, जो कि महिला में किए गए 1 प्रत्यारोपण की तुलना में पुरुष में किए गए लगभग 4 प्रत्यारोपण के बराबर हैं। हाल के वर्षों में, पुरुष और महिला में कुल प्रत्यारोपण के आनुपातिक आंकड़े इस प्रकार हैं:

वर्ष	कुल प्रत्यारोपण	कुल पुरुष	कुल महिला	अनुपात (पुरुष:महिला)
2019	12666	9162	3504	2.61:1
2020	7443	5389	2054	2.62:1
2021	12259	9120	3139	2.91:1
2022	16041	11273	4768	2.36:1

(ग): भारत सरकार ने राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसके तहत देश में अंगदान के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं। अंग प्रत्यारोपण में लैंगिक असमानता की प्रवृत्ति को कम करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय विभिन्न हितधारकों, जैसे राज्य सरकार के प्रतिनिधियों, कानूनी प्रतिनिधियों, पुलिस कार्मिकों, गैर-सरकारी संगठनों, संस्थानों/अस्पतालों के स्वास्थ्य देख रेख व्यावसायिकों आदि के लिए अंग-दान और प्रत्यारोपण के विभिन्न नैतिक पहलुओं पर नियमित रूप से जागरूकता/संवेदीकरण सत्र और गतिविधियाँ आयोजित कर रहा है।

*****